परीक्षा नियंत्रक

Controller of Examination

सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु,
सिद्धार्थ नगर–272202 (उ0प्र0) भारत
Siddharth University Kapilvastu,
Siddharth Nagar-272202 (U.P.) India
Email- coe@suksn.edu.in

पत्रांक– 5736 / सि0वि0वि0 / प0सा0 / 2026 दिनांक 25–07–2026

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।

**विषय– वर्ष 2025–26 की उपाधि (डिग्री) को त्रुटि रहित मुद्रित कराये जाने के सम्बन्ध में**

महोदय / महोदया,

उपर्युक्त विषयक के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि वार्षिक / सेमेस्टर परीक्षा–2025–26 की उपाधि (डिग्री) को त्रुटि रहित मुद्रित कराये जाने हेतु महाविद्यालयों द्वारा प्राप्त डाटा के अनुसार परीक्षार्थियों की तैयार उपाधियो का विवरण आपके महाविद्यालय की लॉगिन आई0डी0 पर प्रदर्शित की जा रही है। जिसको अपने स्तर से **एक सप्ताह के अन्दर** सत्यापित कराना सुनिश्चित करें जिससे परीक्षा वर्ष **2025–26** की उपाधि (डिग्री) को त्रुटि रहित मुद्रित कराया जा सके।

यदि आपके महाविद्यालय द्वारा संशोधन योग्य उपाधि विवरण निर्धारित समय में सत्यापित नहीं कराया जाता है तो यह मान लिया जायेगा कि उपलब्ध विवरण त्रुटिरहित है तथा विश्वविद्यालय उपलब्ध विवरण के आधार पर उपाधियां मुद्रित करा लेगा। भविष्य में यदि महाविद्यालय द्वारा त्रुटिपूर्ण उपाधि मुद्रित होने की शिकायत की जाती है तो उस उपाधि को पुनः मुद्रित कराये जाने पर विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित शुल्क प्रति उपाधि महाविद्यालय को विश्वविद्यालय में ऑनलाइन के माध्यम से जमा करना होगा।

भवदीय

परीक्षा नियंत्रक

पत्रांक– / तद्दिनांकित।

**प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1–निजी सचिव, कुलपति को मा0 कुलपति जी के अवलोकनार्थ।

2–सम्बन्धित पत्रावली में संरक्षित हेतु।

परीक्षा नियंत्रक